**वैज्ञानिक तथा औद्योगिक अनुसंधान परिषद**
**अनुसंधान भवन, 2,रफी मार्ग, नई दिल्ली - 110001**

सं०. 3-2(जी)/2014-ई-I                                                                 दिनांक: 22.11.2022

**<u>कार्यालय ज्ञापन</u>**

**विषय : निजी सचिव पदों के लिए विभागीय परीक्षा का स्वरूप, पद्धति और पाठ्यक्रम की समीक्षा के संबंध में ।**

सीएसआईआर ने अनुभाग अधिकारी (सा0/वित एव लेखा/भं एवं क्र0) और सहायक (सा0/वित एव लेखा/भं एवं क्र0) ग्रेड-I [(अब सहायक अनुभाग अधिकारी (सा0/वित एव लेखा/भं एवं क्र0)] के पदों के लिए विभागीय और सीधी भर्ती परीक्षाओं की संशोधित स्वरूप, पद्धति और पाठ्यक्रम को समसंख्यक कार्यालय ज्ञापन द्वारा दिनांक 29.08.2014 को अधिसूचित किया है । दिनांक 29.08.2014 का कार्यालय ज्ञापन इस विषय पर पिछले सभी आदेशों/अनुदेशों के अधिक्रमण में था। पूर्वोक्त कार्यालय ज्ञापन में आगे कहा गया है "निजी सचिवों के पदों के लिए सीएसआईआर के दिनांक 02.11.2004 के पत्र संख्या 3-33(113)/2002-ई-I द्वारा इस विषय पर अधिसूचित विद्यमान अनुदेश अगले आदेशों तक लागू रहेंगे ।"

**<u>2.</u>** इस मामले पर अब सक्षम प्राधिकारी द्वारा विचार किया गया है। तदनुसार, यह अधिसूचित किया जाता है कि पिछले सभी आदेशों/अनुदेशों के अधिक्रमण में, पूर्वोक्त **सीएसआईआर के कार्यालय ज्ञापन दिनांक 29.08.2014 द्वारा अधिसूचित अनुभाग अधिकारी (सा0/वित एव लेखा/भं एवं क्र0) के पदों के लिए लागू विभागीय परीक्षा का स्वरूप, पद्धति और पाठ्यक्रम, निजी सचिव (पीएस) के पदों के लिए भी लागू होगा । इसके अलावा, निजी सचिव (पीएस) के पद के लिए उपस्थित होने वाले उम्मीदवारों को अब तक की तरह ही 100 शब्द प्रति मिनट की गति से अंग्रेजी/हिंदी आशुलिपि में अर्हक परीक्षा में शामिल होना होगा।**

**<u>3.</u>** यह मामला महानिदेशक, सीएसआईआर के अनुमोदन से है।

**(एल. एस. नेगी)**
**वरि0 उप सचिव**

**प्रतिलिपि:**

1. सीएसआईआर के सभी प्रयोगशालाओं / संस्थानों के निदेशकों
2. प्रमुख – एचआरडीजी / एचआरडीसी / आईपीयू / यूआरडीआईपी / 4 पीआई / टीकेडीएल
3. महानिदेशक कार्यालय, सीएसआईआर
4. संयुक्त सचिव (प्रशा0) कार्यालय, सीएसआईआर
5. वित्तीय सलाहकार कार्यालय, सीएसआईआर
6. मुख्य सतर्कता अधिकारी कार्यालय, सीएसआईआर
7. विधि सलाहकार, सीएसआईआर
8. व0 उप सचिव (एचआर) / व0 उप सचिव(के0का0) / व0 उप सचिव(पीडी) / उप सचिव (कॉम्पलेक्स)
9. सीएसआईआर मुख्यालय / प्रयोगशालाओं / संस्थानों / कॉम्पलेक्स / ईकाईयों / केन्द्रों के सभी वरि0 / कनि0 आशुलिपिक
10. आईटी प्रभाग–इस कार्यालय ज्ञापन को सीएसआईआर वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु अनुरोध के साथ
11. गार्ड फाईल
12. कार्यालय प्रति